हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
7
जबलपुर, शुक्रवार 3 मई 2024
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदैव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## खबर संक्षेप

### दोपहिया वाहन चालकों के काटे चालान

**छिंदवाड़ा।** गुरूवार को भी यातायात पुलिस ने अपना वाहन चैकिंग अभियान जारी रखा। यातायात पुलिस ने परासिया रोड पर बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती दिखाई और उनके चालान भी काटे। शहर में इस तरह यातायात पुलिस द्वारा अलग अलग मार्गों पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है और चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

### लंबित कार्य गति और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने बुधवार को विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, एन.एच.ए.आई., पी.एम.जी.एस.वाय.आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में पी.आई.यू., स्वास्थ्य विभाग, एम.पी.ई.बी., ट्राइबल विभाग, सिंचाई विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की।

### दीक्षा गौतम बनी टॉपर



**दमुआ।** शासकीय हाई स्कूल कालीछापर 10वीं 2024 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें शासकीय कन्या हाई स्कूल की संस्थागत छात्र दीक्षा गौतम पिता डॉ महेंद्र प्रताप गौतम माता आशा गौतम ने 91.2% अंक पाकर शाला में अव्वल स्थान प्राप्त किया इन्होंने स्कूल के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं का माता-पिता के मार्गदर्शन व उनके अपार तथा डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी व शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले के जीवन से प्रेरणा पाकर अपने कठिन मेहनत से अच्छी सफलता पाने का श्रेय दिया।

### फिर से शुरू हुई नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ मुहिम

# बेसमेंट की पांच दुकानों के काटे चालान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाड़ा

गुरूवार को कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर में बेसमेंट में लग रही दुकानों पर निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार पांच दुकानों पर यह कार्यवाही की गई है। निगम द्वारा पहले भी इन दुकानदारों को नोटिस दिया जा चुका था। लेकिन दुकान खाली न करने के कारण गुरूवार को सख्ती बरतते हुए पांच दुकानों को सील कर दिया गया।

वहीं शहर के कुछ दुकानदारों ने अपने दुकानों पर पर्दे लगा लिए है। जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम के अतिक्रमण अमले ने गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की। इस कार्यवाही ने दल द्वारा मुख्य डाकघर से बुधवारी, मटका बाजार , गोलगंज होते हुए पुनः बुधवारी का भ्रमण किया। इस दौरान निगम अमले द्वारा 9 दुकानदारों के सड़क पर रखे हुए समाना को जप्त किया तथा उन पर जुर्माना भी लगाया। दुकानदारों को निगम अमले ने सख्त हिदायत दी कि पुनः सड़क पर समान रखने पर दुकान का समाना जप्त किया जाएगा।

निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी। गुरुवार को हुई इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी नीरज तांबे सहित अतिक्रमण दल के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। 5 चालान काटे गए जिसमे दुकानदारों से 1700 रुपए की राशि वसूल की गई।

वहीं नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ की मुहिम अब पहले की तरह चालू हो गई है। आगे भी नगर निगम द्वारा अतिक्रमण वाले क्षेत्रों में जाकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### कोतवाली पुलिस ने दिया कार्यवाही को अंजाम

# 1 लाख की मशरुका सहित आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

चंदनगांव में 16 अप्रैल को सुने घर मे चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का खुलासा करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि 16 अप्रैल को प्रार्थिया सविता पिता अनिल बरकडे उम्र 34 वर्ष निवासी पंचमढी ढाना चंदनगांव अपने परिवार के साथ जंवारे के कार्यक्रम मे मायके गई थी जब वह 26 अप्रैल को घर लौटी तो उन्होंने देखा कि घर के सामने का ताला टूटा हुआ है। जबकि घर की अलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला। जिसके बाद महिला ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी रोहित पिता रामकलेश यादव उम्र 19 वर्ष 7 माह निवासी एकता कालोनी चंदनगांव थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा को अभिरक्षा मे लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया मसरुका सोना चांदी के जेवरात बरामद कर, आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 सोने का हार, 1 सोने का मंगलसूत्र, 1सोने की बंदियाँ, चांदी का करदोना, 1 सेमसंग कंपनी का कीपेड मोबाईल कुल मशरुका 1 लाख 20 हजार रुपये एवं (2) घटना मे प्रयुक्त लोहे की राड बरामद की है। पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिकाआरोपी को पकड़ने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, आर. 219 विकास बैस, आर. 98 रविन्द्र ठाकुर, आर. 857 शैलेन्द्र राजपूत, सायबर आर. आदित्य रघुवंशी, आर. नितिन राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन्हे पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाडा द्वारा पुरूस्कृतकिये जाने की घोषणा की गई है।

# स्वर्गीय देवीप्रसाद शर्मा ने किया देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



ये अप्रत्याशित है, अकल्पनीय है। हम अक्सर कहते हैं कि जब कोई पुण्यात्मा हमें छोड़ कर चली जाती है, तब उनके कर्म, उनकी यादें हमारे बीच रह जाती हैं, उनके शब्दों की गूंज और कर्मों की सुगंध लोगों को प्रेरित करती रहती है, मगर स्वर्गीय देवी प्रसाद शर्मा जिस तरह से समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं, वो अप्रत्याशित है। स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद शर्मा पिता स्वर्गीय श्रवणलाल शर्मा का विगत 21/4/2024 को देवलोकगमन हो गया। वे छिंदवाड़ा जिले के शिक्षक कॉलोनी, वार्ड न. 2 के निवासी थे। उनकी अंतिम इच्छानुसार उनका देहदान मृत्यूपरांत एम्स भोपाल में किया गया। उनका जन्म 29/9/1941 को चौरई के समीप ग्राम लुंगसी में हुआ था। उन्होंने सन 1959 से सन 2003 तक अनवरत शिक्षकीय कार्य किया और प्रधान अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुए। देवी प्रसाद शर्मा जी की मृत्यु के बाद उनकी अंतिम इच्छानुसार उनका देह दान कर दिया गया। उनके देह दान का परिणाम यह हुआ कि तत्काल कोर्नियल टिश्यू ट्रांसप्लांट यानी नेत्रदान की वजह से एक व्यक्ति की दृष्टि भी लौट आयी है, यानि वे हमारे बीच न सिर्फ हमारी यादों में हैं, बल्कि शारीरिक तौर पर भी मौजूद हैं क्योंकि मृत्यु के बाद भी उनकी आंखें किसी को दृष्टि प्रदान कर रही हैं, देवी प्रसाद शर्मा जी ने देहदान कर ब्रह्म समाज में सामाजिक जागृति की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया है, जो परिवार और समाज के लिए अनुकरणीय है और हम सभी के लिए गौरव की बात है। वे न केवल ब्रह्म समाज बल्कि पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। उनका ये अतुल्य योगदान आने वाली पीढ़ी को मानवता के लिए कल्याणकारी कार्य करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# यातायात पुलिस ने 128 वाहनों पर की चालानी कार्यवाही, 65 हजार रूपए वसूले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

यातायात पुलिस ने द्वारा निरंतर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों एवं बिना सीट बेल्ट लगाए चौपहिया वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार को यातायात पुलिस ने हेलमेट न पहने वाले दोपहिया वाहन चालक के खिलाफ 66 समन शुल्क 19 हजार 800 रूपए, सीट बेल्ट न बांधने वाले चौपहिया वाहन चालकों पर 23 समन शुल्क 11500 रूपए, बिना दस्तावेज वाले वाहनों पर 7 राशि 3500/-, नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर 3 पर राशि 1500/- , प्रदूषण करने वाले साइलेंसर वाहनों पर 1 राशि 2000/- सहित अन्य वाहनों पर जो यातायात नियमों के उल्लंघन करते पाए पर उन चालानी कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस ने 128 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 65 हजार रूपए का समन शुल्क वसूला। इसके अलावा यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट पहनने, बिना सीटबेल्ट पहने वाले वाहन चालकों पर को समझाइश दी।

# 15 वाहनों से लिया गया 17 हजार 600 रूपये का जुर्माना

**छिंदवाड़ा।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर के बायपास क्षेत्र में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 15 वाहनों से 17600 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही छिंदवाड़ा से नागपुर सवारी में संचालन करते हुये यात्री से अत्यधिक किराया लेने की शिकायत पर एक निजी वाहन क्रमांक एमपी 28 सीए 6119 पर और म.प्र.मोटरयान कर बकाया पाये जाने व बिना फिटनेस परमिट के संचालित पाये जाने पर एक टैक्सी वाहन क्रमांक एमपी 28 टीए 0217 पर कार्यवाही करते हुये दोनों वाहनों को जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा में सरक्षार्थ खडा कराया गया।

## गणगौर उत्सव में हुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**सौंसर।** जिला माहेश्वरी महिला मंडल छिंदवाड़ा की ओर से उत्साह उमंग के साथ गणगौर का त्योहार मनाया गया।गणगौर उत्सव के तहत,आयोजित की गई इश्वर-गौरा नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया गया।इस प्रतियोगिता में माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें राजस्थानी त्यौहार गणगौर की झलक संस्कृति देखने को मिली है।आयोजन के दौरान सभी प्रतिभागियों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों की तालियां बटोरी। सभी नृत्य की निर्णायक गानों के द्वारा सराहना की। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार सभी प्रतिभागियों के द्वारा बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुतियां दी गई। जिसके चलते रिजल्ट निकालना थोड़ा मुश्किल हो गया था। निर्णायक मंडल की टीम के द्वारा रिजल्ट की घोषणा की गई है। जिसमें प्रथम स्नेहा अमित राठी,सौसर,द्वितीयमंजू टावरी, दीपिका टावरी,नेहा भट्टड, मोनिका भट्टड, तृतीय प्राची माहेश्वरी , मोहगांव ओर प्रोत्साहन पुरस्कारश्वेता बगानी,प्रियंका बागानी नेहा गोयदानी, पीपला का चयन किया गया।

# सागौन चरपट से भरे वाहन पर की वन विभाग ने कार्यवाही

### जप्त वाहन में 15 नग 1.118 घ.मी. पाई गई सागौन की चरपट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

वन विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीण अब जंगल कटाई एवं सागवान चोरी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में कहान रेंज के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई है।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वाहन क्रमांक एमएच 40 सी डी 1127 पिकअप रामाकोना की तरफ से आकर रेमण्ड चौक पर पुलिस सहायक केन्द्र के पीछे की तरफ खडी है। जिसमें सागौन भरी हुई है। सूचना के आधार पर तत्काल वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां पर एक सफेद रंग पिकअप वाहन खडी मिली।जिस पर लाल रंग की तिरपाल बंधी थी। वनकर्मचारियों द्वारा तिरपाल खोलकर देखा गया। जिसमें सागौन चरपट भरी हुई पाई गई, आस-पास वाहन चालक एवं वाहन मालिक के बारे में पूछताछ की गई किन्तु उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। मौके पर वाहन सहित वनोपज को जप्त कर बोरगांव फारेस्ट कैम्प में लाकर वनोपज का नाप-जोख कर विधिवत जप्ती की कार्यवाही की गई।एवं वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1905/41 पंजीबद्ध किया गया। जप्त वाहन मे सागौन चरपट 15 नग 1.118 घ.मी. पाई गई। वाहन मालिक के नाम की पुष्टि की जा रही है। जिसके उपरांत वाहन की राजसात कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान वनपरीक्षेत्र अधिकारी दीपक तिरपुड़े, विनोद कुमार मर्सकोले कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल, नरेन्द्र कुमार ताजने वनपाल राजु लोहितकर कार्यवाहक वनपाल,जितेन्द्र सिंह वनरक्षक, बलदेव बट्टी वनरक्षक,प्रवीण मर्रावे वनरक्षक, सत्येन्द्र सिंह ठाकुर आदि थे।

## अनंत गुरुवे ने किया ग्राम बेरडी का नाम रोशन



**सौंसर।** गत दिवस आए माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में ग्राम बेरड़ी के शासकीय उमा विद्यालय के छात्र पीयूष पिता अनंता गुर्वे ने गणित संकाय से 86.6 प्रतिशत अंक लेकर ग्राम को गौरवान्वित किया है। पीयूष ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवम गुरुजनों को दिया है। पीयूष बीटेक करना चाहता है।

# धार्मिक राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने एसडीओ पुलिस का किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

पुलिस थाना जुन्नारदेव में नगर निरीक्षक के बाद एसडीओ पुलिस के पद पर सेवाएं देने वाले के के अवस्थी के सेवानिवृत होने पर नगर के धार्मिक राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने सम्मान समारोह आयोजित शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर की रामलीला समिति नगर पालिका परिषद ,भाजपा कांग्रेस, जैन समाज, बौद्ध समाज, मुस्लिम समाज, विश्वहिंदू परिषद सहित सभी सामाजिक संगठनों ने एसडीओ पुलिस के के अवस्थी भव्य स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने श्री अवस्थी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। तथा उनके मधुर व्यवहार की सब ने सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे पार्षद संजय जैन,रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ओम प्रकाश हुड़िया विष्णु शर्मा भोला सोनी राकेश जैन नितिन रजोरिया मनीष बंटी साहू संतोष बडोनिया श्री मिगलानी,नानेद्र शर्मा आलोक मुखर्जी सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण तथा महिलाएं उपस्थित थीं।

# नवेगांव पुलिस ने 64 लीटर अवैध शराब की जप्त

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, आबकारी एक्ट के तहत मामला किया पंजीबद्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

थाना नवेगांव पुलिस द्वारा गुरुवार को 64 लीटर अवैध अंग्रेजी देसी शराब जप्त की गई। गुरुवार को अनुरागी अधिकारी जुन्नारदेव राजेश सिंह बंजारे के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवेगांव द्वारा महावीर से सूचना मिलने पर ग्राम खिड़की कनेरी में दो अलग-अलग स्थान पर पुलिस द्वारा डेविस दी गई जिसमें 80 केन शराब 40 लीटर कीमत 12000 बरामद की गई वही को 31 पाव5 लीटर कीमत 2480 रुपए कल अवैध अंग्रेजी शराब 64 लीटर कीमत 31990 रुपए मौके से बरामद की गई इसके अलावा आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया तथा आरोपी की आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।नवेगांव पुलिस द्वारा आरोपी शिवराज पिता धर्म धुर्वे उम्र 20 साल निवासी खिड़की कनेरी, शिवकुमार पिता धर्म धुर्वे उम्र 25 साल निवासी खिड़की कनेरी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई को अंजाम देने में अनुवागी अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव राजेश सिंह बंजारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश साहू अशोक तुरिया शिवनाथ कालभोर आरक्षण रामभरोस यादव की विशेष भूमिका रही।

### निशान से जंगल की ओर आरईएस द्वारा बनाई सुदूर सड़क की जांच में उजागर होगा बड़ा फर्जीवाड़ा

# 70 लाख की सड़क में चहेते वेंडर के नाम पर कार्यपालन यंत्री ने किया फर्जी भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



छिंदवाड़ा आरईएस में पदस्थ कार्य पालन यंत्री जिनका मूल पद अनुविभागीय अधिकारी था। लेकिन ऊंची पहुंच एवं राजनैतिक पकड़ के चलते इन्होंने कार्यपालन यंत्री का पद हथिया लिया था। यहीं से संभाग क्रमांक 2 में मनरेगा योजना में ग्राम पंचायतों से निर्माण कार्यों के नाम पर फर्जी प्रस्ताव लेकर निर्माण कार्य का अनावश्यक निर्माण कार्य करवाने का बड़ा खेल शुरू हुआ। जिसमें उन्होंने निर्माण कार्य के नाम पर सुदूर सड़क, सरोवर तालाब , पुल, पुलिया, स्टाप डेम, इन्हीं निर्माण कार्यों में एक करोड़ तक के एस्टीमेट बनाकर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर इन निर्माण कार्यों में जमकर फर्जी बड़ा किया गया। किसी भी निर्माण कार्य स्थल पर चले जाओ तो पहली नजर में ही तालाब, सड़क, पुल, पुलिया में देखने मिल जाएगा की निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं दशा की हालत से पता चल सकता है। उप संभाग में कई गंभीर मामले हैं कि किसानों के लिए सिंचाई के उद्देश्य से स्वीकृत तालाब को तो इन्होंने गांव का स्थान बदलकर धौखेड़ा में बनाने के बजाय कवर टाल में बनाकर सिद्ध कर दिया कि इन्हें निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल गया था। यदि इस तालाब निर्माण कार्य स्थल पर भौतिक सत्यापन करेंगे तो इसमें 60% का भ्रष्टाचार एवं फर्जी बिल वाउचर के माध्यम से निकालि गई राशि का फर्जी बाड़ा सामने आएगा। इसी तरह उदाहरण के तौर पर जामुनढोगा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर निशान से जगल कि और जो सड़क बनाई गई है वह किसी गांव ढाने मोहल्ले की ओर नहीं जाती है। यदि इस औचित्य हिन सड़क की भी जांच की जाएगी तो इस सड़क निर्माण में मुरमि करण सोल्डर भराई के नाम पर फर्जी बिल वाउचर के माध्यम से बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा तत्कालीन एसडीओ रूपी कार्यपालन यंत्री संजीव सनोडिया के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। यदि इस निर्माण कार्य का भौतिक सत्यपन एवं चहेते वेंडर के नाम पर किये गए फर्जी बिलों का मिलान करेंगे तो निशान सड़क निर्माण कार्य में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होगा।

## सालों से कर जनता कर रही है नगर पालिका से पार्क की मांग

# व्यायाम खेलकूद मनोरंजन के लिए बच्चे हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



वर्तमान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया है वहीं दूसरी और बच्चों के स्कूलों को छुट्टीया भी लग गई है। ऐसे समय में अब बच्चों बुजुर्गों युवाओं के लिए सौसर नगर में मनोरंजन के साथ-साथ घूमने फिरने एवं व्यायाम के लिए भी सर्व सुविधा युक्त पार्क की आवश्यकता महसूस की जा रही है।परंतु सौसर नगर में सर्वसुविधा युक्त खेलकूद की सामग्री से परिपूर्ण पार्क नहीं होने के चलते बच्चों बुजुर्गों युवाओं को निराशा हाथ लग रही है। लंबे समय से यहां पर बच्चो नगरवासियों के द्वारा सर्व सुविधा युक्तपार्क की व्यवस्था बनाने की मांग जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर प्रशासन में बैठे हुए जिम्मेदारों से भी की जा रही है। परंतु सालों का जमाना गुजर जाने के बावजूद भी पार्क की सुविधा को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।नगर पालिका चुनाव के दौरान वार्डों में खड़े हुए पार्षदों के द्वारा भी नगर विकास के लंबी चौडी घोषणा की थी। लगभग 2 वर्ष का समय गुजर जाने के बावजूद भी पर को लेकर कोई ठोस प्रयास नपा प्रशासन के द्वारा होते नजर नहीं

## स्वर्गीय रेवनाथ चौरे पार्क का नवनिर्माण ठंडे बस्ते में

नगर के इकलौते स्वर्गीय रेवनाथ चौरे पार्क के सौंदर्यकरण और यहां पर बच्चों के लिए खेलखुद सामग्री, झूले, छुक छुक करती हुई ट्रेन, फवारा,सौंदर्यकरण, पेड़ पौधे, व्यायाम सामग्री आदि की मांग ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।हालांकि वर्तमान में यहां पर नपा प्रशासन के द्वारा रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य किया गया है। परंतु रिटनिंग वॉल का निर्माण कार्य से ही पार्क का सौंदर्यकरण नहीं हो जाता है। गर्मी के छुट्टियां लगने के बाद में यहां पर आने वाले बच्चों छात्र-छात्राओं के चेहरे पर अच्छी व्यवस्था एवं खेलकूद की सामग्री नहीं होने के चलते निराशा नजर आती है। चुनाव में जनप्रतिनिधियों के द्वारा सौसर नगर को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की गई है। परंतु सालों बीतने के बाद एक सर्वसुविधायुक्त पार्क निर्माण नही हो पा रहा है। स्वर्गीय रेवनाथ चोरे पार्क में घूमने आए मास्टर अंकुश, निखिल,विनय, प्राची,ने बताया कि सौसर में एक भी अच्छा पार्क नहीं होने से बच्चों को खेलकूद व्यायाम मनोरंजन नही होता है। सर्वसुविधा युक्त पार्क बन जाए तो शाम को पार्क में घूमने का मजा ही कुछ ओर है। नगर वासियों के द्वारा नपा प्रशासन से जल्द से जल्द पार्क के नवनिर्माण की मांग की जा रही है।



# खैरीतायगांव में राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की जयंती पर छत्रपति शिवाजी महाराज भजन मंडल द्वारा बाजार चौक खैरीतायगांव (रेमण्ड) में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रसत तुकडोजी महाराज के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण मुख्य अतीथी सेवानिवृत शिक्षक ऋषिनाथजी नागदवने गुरूजी, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर, छत्रपति शिवाजी महाराज भजन मंडल संचालक अशोक कहाते,सुनील पिंजारे,सरपंच बाबा बागड़े, के द्वारा किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के द्वारा किए गए कार्य और उनके द्वारा बताए गए मार्ग को अंगीकार करने का संकल्प लिया गया। आयोजन के दौरान ग्राम गीता वाचन के साथी अपने आसपास के परिसर की साफ सफाई रखना बच्चों को अच्छे से अच्छी तालीम शिक्षा देने, समाज में जन्मे हुए महापुरुषों साधु संतों के विचारधारा को जन-जन तक प्रचार प्रसार करने आदि को लेकर विचार व्यक्त किये। इस दौरान उपसरपंच डॉ रायसाहब गणेश करागंळे, झामराज दुधकवळे,हर्षल गायकवाड़, प्रशांत शेंडेजी नाना नाईक, गणेश सार्वे,रंजित बागडे,श्रावण बनकर, अशोक पिगंले क्रीष्णाजी करागंले आदि मौजूद रहे।

# शाहजहां अंसारी का सहायक जिला लोक अभियोजक के पद पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया न्यायालय परिवार का उस वक्त खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब परासिया निवासी गरीब बेटी एडवोकेट शाहजहां अंसारी ने सहायक जिला लोक अभियोजक के पद पर सफलता पा ली और परासिया न्यायालय की एकमात्र गरीब बेटी ने इस कामयाबी को हासिल किया है। परासिया में निवास करने वाली इस गरीब बेटी के पिता टेलर हैं । उनके पति साधारण गेराज चलाते हैं । रिजल्ट की जानकारी लगते हैं शाहजहां के परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई । बधाई देने वालों का तांता लग गया । इस कामयाबी के लिए शाहजहां अंसारी ने अपने परिजनों का आभार माना है एवं एडीपीओ घनश्याम प्रजापति के मार्गदर्शन को सराहा है । उन्होंने अपने अधिवक्ता साथी संध्या सूर्यवंशी , हेमलता बुनकर , कुंदन सराठे एवं बृजलाल वर्मा और अधिवक्ता संघ परासिया का आभार माना है । शाहजहां को मिली इस सफलता के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ , सांसद नकुल नाथ सहित जिले के अनेक गणमान्य अधिवक्ता एवं न्यायाधीशों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है । इस अवसर पर स्टेट हेड आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट एस के जागीरदार ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है । सभी ने शाहजहां अंसारी के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# तलवार से केक काटने का बढ़ा चलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



आधुनिकता के इस दौर में दिनों - दिन हाईटेक होती जिंदगी में शुभ और मांगलिक अवसरों के मनाने का ढंग भी बदलते जा रहा है । शादी , ब्याह जन्मदिन जैसे अवसरों को कुछ खास बनाने के लिए नए - नए तरीके भी इजाद हो रहे हैं । बीते कुछ समय से जन्मदिन नए तरीके से मनाया जाने लगा है । खासकर युवाओं में जन्मदिन पर तलवार से केक काटने का चलन बढ़ गया है । हाल ही में उमरेठ के एक जनप्रतिनिधि ने अपने जन्मदिन का केक तलवार से काटकर मनाया । अच्छी बात यह है , उसके द्वारा अपना जन्मदिन एक बंद कमरे में मनाया गया । वरना अक्सर देखने में तो यह आता है , के युवा सड़कों और नगर के मुख्य स्थलों पर खुलेआम तलवार से एक काटकर मनाने से भी नहीं चूकते हैं । एसा नहीं है , कि इस बात की खबर स्थानीय पुलिस को नहीं होती , लेकिन पुलिस जानती है , कि एक सामान्य व्यक्ति ऐसा कतई नहीं कर सकता और जो कर रहा है इसका मतलब यह है , कि उसके ऊपर कहीं ना कहीं किसी ताकतवर व्यक्ति का हाथ है । शायद इसलिए यह चलन बढ़ता चला आ रहा है । सामान्य रूप से देखा जाए जन्मदिन मनाना कोई अपराध नहीं । अक्सर देखने और सुनने में आता है कि बड़े - बड़े लोगों के यहां शादी विवाह के जैसे कार्यक्रमों में हवाई फायर तक किए जाते हैं । ऐसे में यदि कोई तलवार से केक काट ले तो क्या हर्ज है ।

# डबल मनी के आरोपी हेमराज आमाडारे के भाई, पत्नी और बहु गिरफ्तार

## आरोपियों ने एक करोड़ के निवेशकों को बांटे थे चेक, 10 अपराध में एक वर्ष से चल रहे थे फरार



हरिभूमि न्यूज लांजी।




जिले के बहुचर्चित डबल मनी मामले में भले ही मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने फरार हो, लेकिन एक दूसरे डबल मनी मामले के आरोपी हेमराज आमाडारे के फरार आरोपी रिश्तेदारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लांजी थाने में डबल मनी के लगभग 10 अपराध में फरार चल रहे चार आरोपियों (दो पुरूष और दो महिला) को लांजी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर तथा बैहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन तथा लांजी अनुविभागीय अधिकारी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में लांजी पुलिस ने घर बोलेगांव आ रहे चार आरोपियों को लांजी पुलिस ने छत्तीसगढ़ और लांजी मार्ग से गिरफ्तार किया है। जिसमें डबल मनी आरोपी हेमराज आमाडारे की पत्नी, भाई और बहु बताए जाते है। गौरतलब हो कि 17 मई 2022 को लांजी थाना क्षेत्र में दो और किरनापुर थाना क्षेत्र में अनिमित जमा योजना प्रतिबंद्ध अधिनियम 2019 की धारा 21(1),21(2) के तहत थाना लांजी में अपराध क्रमांक 177/2022 में बोलगांव निवासी 28 वर्षीय सोमेन्द्र पिता योगेन्द्र कंकरायने, कोकना निवासी 28 वर्षीय तामेश पिता रामप्रसाद मंसुरे, 24 वर्षीय राकेश पिता रामप्रसाद मंसुरे एवं बोलगांव निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पिता दिनेश कंकरायने, अपराध क्रमांक 178/2022 में बोलेगांव निवासी 36 वर्षीय हेमराज पिता तुलसीराम आमाडारे, धनराज पिता तुलसीराम आमाडारे, कुंदन पिता सुरेश यादव, 19 वर्षीय ललित पिता खेमराज वैष्णव और 28 वर्षीय राहुल पिता राजकुमार बापुरे के और किरनापुर थाना में अपराध क्रमांक 151/2022 में किरनापुर के किन्ही चौकी अंतर्गत छिंदीकुला निवासी 38 वर्षीय अजय पिता ब्रजलाल तिड़के, महेश पिता ब्रजलाल तिड़के, डोरली निवासी 28 वर्षीय शिवजित पिता मायाराम चिले और किन्ही निवासी 33 वर्षीय मनोज पिता टेकलाल सोनेकर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई आरोपियों को जमानत मिल गई थी। जिसके बाद से कई आरोपी फरार है, लेकिन गिरफ्तार किए गए, यह आरोपी अब तक फरार चल रहे थे।

लगभग 15 सौ करोड़ के जिले के बहुचर्चित डबल मनी मामले में लांजी पुलिस समय-समय पर कार्यवाही करते रही है, लेकिन मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने और उसकी टीम सहित अन्य कई अभी भी फरार है, डबल मनी मामले के एक और आरोपी हेमराज आमाडारे के परिवार के गिरफ्तार सदस्यों के नाम से एक करोड़ रूपए के चेक, निवेशकों को दिए गए थे। जिनका पैसा वापस नहीं मिलने पर उनके द्वारा लांजी थानो में इनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद से बोलेगांव निवासी आरोपी हेमराज के भाई 28 वर्षीय धनराज पिता तुलसीराम आमाडारे, 23 वर्षीय कुंदन पिता सुरेश यादव, पत्नी 35 वर्षीय मंजु पति हेमराज आमाडारे और बहु 24 वर्षीय कोमिन पति धनराज आमाडारे फरार थे। जिनकी पुलिस को काफी लंबे समय से तलाश थी। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिरो से सूचना मिली थी कि यह चारो गांव बोलेगांव आने की फिराक में है। जिसके बाद पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की और मुखबिर की सूचना पर छत्तीसगढ़ और लांजी मार्ग पर आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। जो तकरीबन एक साल से फरार चल रहे थे।

एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डबल मनी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुहिम प्रारंभ की गई है। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशिष्ठ दल द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ लांजी थाने में 10 अपराध दर्ज है। जिनके द्वारा निवेशकों को लगभग एक करोड़ रूपए के चेक बांटे गए थे। जिनकी बोलेगांव आने की सूचना पर टीम ने छत्तीसगढ़-लांजी मार्ग से इन्हें पकड़ा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जल्द ही सोमेन्द्र कंकारायने को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

# खुले में शौच के लिए गई महिला की कुए में गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील मुख्यालय कटंगी से महज 03 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम खजरी में एक महिला की कुंए में गिरने से पानी में डूबने के कारण मौत हो गई. घटना गुरुवार की सुबह की है. महिला की पहचान शकुंतला पति मोहनलाल राहंगडाले के रूप में की गई है. मृत महिला के पुत्र किशनलाल राहंगडाले ने बताया कि आज सुबह उनकी मां शौच के लिए घर के पीछे खेतों की तरफ गई थी. जब काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो खेत के तरफ जाकर तलाश शुरू की गई तो उनके स्वयं के खेत में ही बने कुएं में शव तैरता हुआ दिखाई दिया. जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसने शव को कुंए से निकालकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है. सहायक उपनिरीक्षक मंजूलाल दाहिया मामले की जांच कर रहे है. बता दें कि खुले में शौच के लिए जाने पर खेत में खुले कुंए में गिरने से मौत की घटनाएं आए दिन सुनने को मिल रही है. मगर, इस तरह की दुर्घटनाओं के बाद भी खेत मालिक ऐसी कुआं को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले रहे. जिस कारण भविष्य में इस तरह की घटनाएं ना हो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।

# केशव इंग्लिश स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## सभी कक्षाओं के सफल विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय केशव इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल में वर्ष 2023-24 की वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के हस्ते पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें कक्षा नर्सरी अ में प्रथम स्थान जन्मय शिवान्कर, मौल्य चौधरी व रौनक भलावी 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सैयद राशिद अली, शिवन्या मिश्रा, रेयान्स कसार व दीक्षा बागरे 99.75 प्रतिशत, तृतीय स्थान रिषू चौधरी 99.25 प्रतिशत ने प्राप्त किया। नर्सरी बी में प्रथम स्थान ऋषि दानी, समृद्धि लिमजे, तताक्ष नागेश्वर, दिव्या पारधी व गौरवी चौधरी 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान डवी रहागडांले, ध्रुव बिसेन व नोवी ठाकरे 99.70 प्रतिशत, तृतीय द्वितीय नित्या पटले, अक्षित लिमजे व देवान्शी पारधी 99.50 प्रतिशत ने प्राप्त किया।

कक्षा जे के जी अ में प्रथम स्थान अर्पित चौहान व रूद्रा कदम 98.70 प्रतिशत, द्वितीय स्थान चारू मात्रे 98.50 प्रतिशत व तृतीय स्थान शालिनी कदम 98.20 प्रतिशत ने प्राप्त किया। जे के जी ब में प्रथम सानवी हरडे 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हर्षित चौरसिया 99.75 प्रतिशत व तृतीय स्थान पार्थ येरपुडे 99.25 प्रतिशत ने प्राप्त किया। एस के जी अ में प्रथम मायरा चौरसिया, सानिध्य चौरसिया व तिथी बिसेन 100 प्रतिशत, द्विती निर्वी बिसेन 99.75 प्रतिशत व तृतीय स्थान यशस्वी चौरसिया 99.50 प्रतिशत ने प्राप्त किया। एस के जी ब में प्रथम इशाना जाम्भुलकर व इदान्त बावने 100 प्रतिशत, द्वितीय ख्याति कोस्टा 98.70 प्रतिशत व तृतीय स्थान हिमानी आहुजा 97 प्रतिशत ने प्राप्त किया।

# विधायक विक्की पटेल का प्रयास लाया रंग : वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में ऑपरेशन थियेटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज पांडे एवं वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय के समस्त स्वास्थ्य कर्मी की उपस्थिति में शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया गया। ऑपरेशन थिएटर के क्रियाशील होने के साथ ही सिजेरियन सेक्शन डिलीवरी की स्वास्थ्य सेवा प्रारंभ हो गई हैं।

इसके शुभारम्भ होने के साथ ही एएनएम एएमपीडब्ल्यू, सेक्टर सुपरवाइजर आपके क्षेत्र में प्रीवियस एलएससीएस के हितग्राहियों को चिन्हित कर इस माह के ई डी डी वाली गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि चुनाव के पूर्व मैंने क्षेत्रवासियों से वादा किया था कि मेरा पहला प्रयास स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा के क्षेत्र में काम करना होगा, वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में कुछ स्वास्थ्य कर्मियों की भी कमी हैं, जल्द ही इसकी कमी भी पूरी करने का प्रयास किया जायेगा।

# रसायन शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के रसायन शास्त्र विभाग में गुरुवार को सेवानिवृत्त प्राध्यापक रसायन शास्त्र छिन्दवाडा डॉ. इरफान अहमद द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया। डॉ. अहमद ने अपने व्याख्यान में रसायन शास्त्र विषय को कैसे पढ़े, उसे कैसे तैयार करे साथ ही रसायन शास्त्र के विभिन्न क्षेत्र की पहलुओं को अतिसुक्ष्मता के साथ प्रस्तुत किया। डॉ. अहमद द्वारा अकार्बनीक रसायन के अनेक विषय वस्तु पर सारगभित व्याख्यान एवं कॅरियर मार्गदर्शन भी दिये। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीआर चंदेलकर के मार्गदर्शन में सम्पन हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष रयायन षास्त्र डॉ. उषा सिंह, डॉ. ताराचंद बडघैया, प्रो. योगिता पटले, डॉ. संगिता राजपुत तथा एमएससी पूर्वाद्ध एवं उतराद्ध के विद्यार्थी उपस्थित रहें।



# मॉयल ने अप्रैल माह में उत्पादन में 22 एवं विक्री में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड की खदानों में प्रतिमाह उत्पादन एवं बिक्री दर में निरंतर वृद्धि होने से कंपनी निश्चित रूप से प्रगति के नये पथ की ओर अग्रसर है। जैसे मॉयल ने वर्ष 2023-24 में उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 17.56 लाख टन जो गत वर्ष से 27 प्रतिशत अधिक एवं बिक्री में 15 लाख टन को पार किया जो गत वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह अप्रैल,2024 के माह में कंपनी ने अपना शानदार निष्पादन जारी रखते हुए 1.7 लाख टन स्थापना के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया, जिसमें अप्रैल,2023 की तुलना में 22 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बिक्री के क्षेत्र में कंपनी ने अप्रैल,2024 में 1.15 लाख टन की अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री हासिल की है, जिसमें अप्रैल,2023 की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मॉयल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने उल्लेख किया है कि मॉयल टीम को शानदार प्रदर्शन की लय देखकर खुशी हो रही है और विश्वास व्यक्त किया कि कंपनी आने वाले समय में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगी इसके लिये मॉयल में कार्यरत सभी कामगार कर्मचारी अधिकारी का कार्य के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है।

**खबर संक्षेप**

### जिला न्यायालय परिसर सिवनी में आयोजित होगा रक्तदान शिविर 4 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में 04 मई 2024 को प्रातः 10.30 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रक्तदान शिविर में इच्छुक व्यक्ति रक्तदान करने हेतु निर्धारित समय में जिला न्यायालय परिसर सिवनी मे अधिक से अधिक सख्या में पहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# जलाई नरवाई: 27 किसानों पर कार्यवाही, लगा अर्थदण्ड

**उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वाले कृषकों पर कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देशों के परिपालन में कृषि एवं राजस्व विभाग के अमले द्वारा सिवनी तहसील के 27 कृषकों पर पर्यावरण विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 2500 रूपये से लेकर 15000 रु. तक अर्थदण्ड लगाया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

संबंधित कृषकों द्वारा अर्थदण्ड की राशी जमा नहीं किये जाने पर Air (Prevention and control of Pollution) Act 1981 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कृषकों से नरवाई न जलाने हेतु कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आदेश जारी कर अपील की जा रही है साथ ही लगातार समाचार पत्रों एवं अन्य संचार के माध्यमों से नरवाई न जलाने की अपील की जा रही है। कृषि एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा भी लगातार कृषकों से संपर्क कर उन्हें फसल अवशेष न जलाने एवं फसल अवशेषों के विनिष्टिकरण की सलाह तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जा रही है।

उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने किसान बंधुओं को सलाह देते हुए कहा है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को कदापी न जलाएँ। इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ साथ मृदा स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाईऑक्साईड, मिथेन, कार्बन मोनोऑक्साईड आदि गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। मुद्रा की सतह का तापमान 60-65 डिग्री सेन्टीग्रेट हो जाता है, ऐसी दशा में मिट्टी में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु जैसे-वैसीलस सबटिलिस, स्यूडोमोनास, ल्यूरोसेन्स, एग्रोबैक्टीरिया, रेडियाबैक्टर, राइजोबियम प्रजाति, क्लेब्सीला प्रजाति, वैरियोवोरेक्स प्रजाति आदि नष्ट हो जाते है। जीवाणु खेतों में डाले गये खाद एवं उर्वरक को तत्व के रूप में घुलनशील बनाकर पौधों को उपलब्ध कराते है। अवशेषों को जलाने से ये सभी सूक्ष्म जीवन नष्ट हो जाते है। इन्हीं सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से खेतों में समुचित रूप से खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति पौधों को न हो पाने के कारण उत्पादन प्रभावित होता है।

# अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलटी, परिवार के एक सदस्य की मौत; तीन घायल

**शहर पांच किमी दूर खैरीटेक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद नागपुर से रीवा जा रहा कार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रैलिंग तोड़ते हुए ढलान में जाकर पलट गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

इस भीषण सड़क हादसे में रीवा के थाना सिरमोर ग्राम पडरी निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि साथ जा रहे परिवार के तीन लोग घायल हो गए। मृतक शिवम पुत्र कमलेश प्रसाद सोनी (25) कार चला रहा था। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने नईदुनिया को बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस वाहन ने कार को टक्कर मारी है। प्रकरण में विस्तृत विवेचना की जा रही है।

पुलिस के अनुसार रीवा निवासी कमलेश प्रसाद पुत्र प्यारे लाल सोनी (49), पत्नी आशा सोनी (47), बेटा शिवम सोनी (25) व सुन्द्रम सोनी (15) नागपुर से रीवा जा रहे थे। खैरीटेक के पास बुधवार दोपहर कार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रैलिंग को तोड़ते हुए नाले के पास ढलान में पलटकर दुघर्टनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 100 और संजीवनी 108 एंबूलेंस वाहन की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां कार चला रहे शिवम सोनी की मौत हो गई। जबकि तीन घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने दुघर्टना पर प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पोस्ट मार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### खड़े ट्रक में घुसे बाइक सवार की मौत

धूमा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में धूमा के पास धूमा से लखनादौन जा रहे एक ट्रक का गेयर बाक्स खराब होने के कारण वह सड़क किनारे खड़ा था। इसी दरम्यान मंगलवार रात धूमा थाना अंतर्गत पतलोन गांव निवासी हरिराम झारिया (42) बाइक वाहन से अकेला लखनादौन जा रहा था। बाइक सवार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसा, जहां लखनादौन अस्पताल ले जाते समय घायल ने दमतोड़ दिया। लखनादौन पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में यूजी व पीजी प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।



प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि सत्र 2024 -25 हेतु उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रारंभ कर दी गई है। इसी संदर्भ में शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्रवेश नोडल अधिकारी श्री नरेंद्र भीमटे ने प्रवेश संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्राएं 01 मई 2024 से ऑनलाइन पंजीयन करा सकती है। इस बार उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रवेश प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए गए है1 इस बार प्रवेश हेतु आवेदकों को ईमेल आईडी,एबीसी रजिस्ट्रेशन,समग्र आईडी,आधार नंबर, मोबाइल नंबर, 10वीं और 12वीं की मूल या ऑनलाइन अंक सूची,जाति, संवर्ग, अधिभार, अन्य राज्यों के आवेदको हेतु विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र,मूल निवासी प्रमाण पत्र नंबर के साथ,व पहली बार अपना विधानसभा क्षेत्र की जानकारी भी देनी होगी। प्रवेश के लिए इस साल दो मुख्य और एक सीएलसी राउंड होगा छात्राओं को पहले राउंड में फ्री व दूसरे तीसरे राउंड में 350 रुपए की छूट दी गई है1 दस्तावेजों के सत्यापन हेतु छात्राओं को महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है1 दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विभाग द्वारा महाविद्यालय मे हेल्प सेंटर्स का गठन किया गया है1 यदि आवेदन मे किसी प्रकार की त्रुटि हो तो हेल्प सेंटर जाकर त्रुटि सुधार किया जा सकता है1 दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात यूजी प्रथम चरण की सीट का आवंटन 25 मई 2024 तथा पीजी प्रथम चरण की सीट का आवंटन 29 मई 2024 को होगा छात्रों को अधिकतम 10 कॉलेज की चॉइस फिलिंग का मौका मिलेगा साथ ही अपग्रेडेशन का विकल्प भी मिलेगा1 वर्तमान में प्रदेश में लगभग 2 लाख 20 हजार छात्र-छात्राएं 12वीं में पूरक प्राप्त है1 ऐसे पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को भी प्राविधिक प्रवेश के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है1 प्रवेश प्रक्रिया के सीएलसी चरण तक आवेदकों के पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित न होने की स्थिति में पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय में स्थान रिक्त होने की स्थिति में प्रावधिक प्रवेश दिया जाएगा1 वर्तमान में महाविद्यालय में कला, वाणिज्य व विज्ञान में प्रवेश हेतु पर्याप्त सीटें उपलब्ध है व आवश्यकता अनुसार सीटों में वृद्धि भी की जाती है1 महाविद्यालय में छात्राओं को प्रवेश संबंधी जानकारी हेतु तथा प्रवेश संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क सेंटर्स का भी गठन किया गया है।

# कलेक्टर ने किया खेत तालाब के निर्माणधीन कार्यों का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार को बम्होडी, खूंट एवं बोरीकला ग्राम का निरीक्षण कर प्रगतिरत खेत तालाब निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने तालाब निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए पूरी गुणवत्ता से पूर्ण करने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने आमाझिरिया एवं गोकलपुर के सामुदायिक तालाब का भी अवलोकन कर उक्त तालाबों के उन्नयन का प्रस्ताव बनाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा, ईई आईएस श्री मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कमिश्नर श्री वर्मा ने प्राचार्य श्री ठाकुर को किया निलबिंत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संभागायुक्त श्री अभय वर्मा ने शिक्षिका को सिर पर चाटा मारने के प्रकरण में जिला स्तरीय जांच दल के प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैररांझी प्राचार्य श्री पृथ्वीपाल सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।निलंबन मोदी में श्री ठाकुर का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी नियत किया गया।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी एवं श्री विक्रम सिंह डावर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा गुरूवार 02 मई 2024 को कलेक्ट्रट कार्यालय सिवनी के सभा कक्ष में श्रमिक विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, श्रमिको के अधिकार एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु श्रमिकों के लिए कानूनी अधिकार, नालसा अंतर्गत योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना के विषय पर विस्तृत जानकारी दि गई। साथ ही 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

# आगजनी में जल गई दो घरों की पूरी गृहस्थी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धूमा थाना अंतर्गत छपारा गांव में मंगलवार-बुधवार रात अज्ञात कारणों से दो घरों में फैली आग ने लाखों के जेवर, एक लाख रुपये नकदी, पंखा-टीवी, कूलर समेत गृहस्थी का सारा समान जलकर खा हो गया। सूने घरों में भीषण आग इतनी तेजी से फैली की घर में रखा 200 क्विंटल अनाज, मोटर पंप और कृषि कार्य से जुड़े उपकरण, कपड़े-बर्तन बचाने का मौका भी पीड़ित परिवार को नहीं मिला। जैसे तैसे पड़ोसियों ने घरों में फैली आग को आगे बढ़ने से रोका वरना पड़ोस में स्थित घरों को भीषण आग जला देती।

जानकारी के अनुसार छपारा निवासी नारायण दास (गुलई) यादव व प्रेमदास (भुल्लन) यादव के घर में रात जब आग फैली उस समय दोनों परिवार गांव में आयोजित एक जन्म दिन समारोह में शामिल होने गए। आग इतनी भीषण थी कि कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल वाहन और ग्रामीणों की मदद से आग को काबू में किया जा सका। लेकिन तक तक दोनों घरों में रखा सबकुछ जल गया। आग बुझाने के



बाद जब राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में घर की आलमारी व अन्य कीमती सामग्री को देखा गया तो इसमें सोना-चांदी के जेवर समेत नकदी जल चुकी थी।

### अज्ञात कारण से घर में लगी आग

जानकारी के अनुसार नारायण दास (गुलई) यादव व प्रेमदास (भुल्लन) यादव के घर में 30 अप्रैल की रात करीब 12 बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग भड़क गई, जिस पर काबू करना मुश्किल हो गया। आग की कई फिट ऊंची लपटों को देखकर पड़ोसी व क्षेत्रवासी दहशत में आ गए। क्षेत्रवासियों ने तत्परता दिखाते हुए आग को मुश्किल से काबू किया। लेकिन तब तक घर में रखा सब कुछ बर्तन, अलमारी, दीवान पलंग, ड्रेसिंग टेवल, विस्तर पेटी, गेहूं-धान, चावल सहित दूसरे अनाज जलकर खाक हो गए। सूचना पर धूमा पुलिस बल व अग्नि शामक वाहन मौके पर पहुंचा। देर रात तक आग को काबू में किया गया।

### आशियाना बना बदसूरत खंडहर

आगजनी की घटना के बाद दोनों आशियाने कुछ ही घरों में बदसूरत खंडहर में तब्दील हो गए। घर के बिस्तर, कपड़े, गहने, अनाज गृहस्थी का पुराना समान जलकर खाक हो गया था। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीण सतर्कता दिखाते हुए आग को काबू में नहीं करते तो आसपास के घरों में आग फैलने की आशंका थी। जब घरों में फैली उस समय घर में कोई भी व्यक्ति नहीं था। सूना घर होने के कारण आग तेजी से फैल गई और किसी को पता नहीं चला।पूरी गृहस्थी सहित घर जलकर खाक होने से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पीड़ित परिवारों ने शासन से मुआवजे देने की मांग की है। घर के बाद राजस्व मंडल नायब तहसीलदार दीक्षा पटेल, पटवारी राहुल राजपूत, धूमा थाना प्रभारी सतीश उइके सहित अधिकारियों ने घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया। धूमा वृत्त की नायब तहसीलदार दीक्षा पटेल की मौजदूगी में राजस्व अमले ने नियमानुसार पंचनामा कार्रवाई कर आगजनी की घटना हुई क्षति का मुआवजा दिलाने कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ितों को शासन के मापदंडों अनुसार मुआवजा दिलाने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जा रहा है।

### यह सामग्री जलकर हुई खाक

गुलई यादव घर में आगजनी की घटना में 12 क्विंटल राई, 15 क्विंटल मसूर, 15 क्विंटल चना, 30 क्विंटल गेहूं, 10 क्विंटल 10 चावल, 15 क्विंटल धान जलकर खाक हो गया। साथ ही घर में रखी तीन लकड़ी की आलमारी, एक सोफा सैट, दो जोड़ी पलंग, दो जोड़ी दरवाजा, पांच खिडकी, छप्पर-पटवा भी राख बन गए। वहीं लकड़ी की चार कुर्सी, एक डायनिंग टेबिल, एक ड्रेसिन टेबिल भी स्वाहा हो गए। कृषि सामग्री में 50 पाइप, 3 एचपी मोटर पंप, 18 नोजल, 1000 मीटर लंबा वायर, दो पंखे, एक टीवी, एक कूलर जल गए। घर में रखे 20 हजार रुपये नकद, जेवर में 2 जोड़ी पायल, एक करधन, एक छन्नी, दो मंगलसूत्र, एक सोने का हार, एक मंगलसूत्र, दो जोड़ी कान के झुमके, चार नग कंगन, दो अंगूठी जल गए। घर में रखे सभी कागजात, बर्तन, गैस व अन्य सामग्री भी जलने से नहीं बची।

### बर्तन गेस इत्यादि सब कुछ जलकर खाक हो गया

भुल्लन यादव के घर में रखी 13 क्विंटल राई, 12 क्विंटल चना, 15 क्विंटल मूसर, 40 क्विंटल गेहूं, 15 क्विंटल चावल सहित फर्नीचर में दो जोड़ी सोफा, तीन पलंग, 3 जोड़ी दरवाजा, 7 जोड़ी खिड़की, ट्रेसिन टेबल एक, डायनिंग टेबिल एक, लकड़ी की कुर्सी 6, दो टीवी, तीन पंखा, 3 कूलर, 60 पाइप, 5एचपी मशीन, 20 नोजल, 1200 मीटर वायर, 80 हजार रुपये नकद, जेवर में एक छन्नी, चार जोड़ी पायल, दो करधन, चार मंगलसूत्र, दो सोने के हार, चार जोड़ी झुमकी, आठ कंगन, चार चेन चांदी, तीन अंगूठी, बर्तन गेस इत्यादि सब कुछ जलकर खाक हो गया।




# सी एम राइस विद्यालय सुकतरा का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

शासकीय सी एम राइस विद्यालय सुकतरा विकासखंड कुरई जिला सिवनी में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 62.7 प्रतिशत रहा कक्षा 12वीं से कुमारी प्रिया ठाकुर/ लक्ष्मी प्रसाद ठाकुर 91% अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था में 12वीं गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100% रहा विद्यालय के 44 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसमें 20 छात्र 70% से अधिक अंक प्राप्त किए।इसी तरह कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 64.8 प्रतिशत रहा जिसमें सोनाली पटवा /श्री पवन कुमार पटवा 91% के साथ प्रथम स्थान पर रही कक्षा दसवीं में 35 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे ।कक्षा 5 वी का 100% एवम 8 वी का 93.9% परीक्षा परिणाम रहा।प्राचार्य श्री संजय श्रीवास्त्री एवं विद्यालय परिवार समस्त छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### हादसे में 1 व्यक्ति की मौत 2 लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 सादक सिवनी गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर मार दी। इस हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार रात के समय बाइक में सवार ग्राम पंचायत खुर्सीपार के रोजगार सहायक प्रकाश भलावी अपने पिता व एक महिला के साथ जा रहे थे। जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 सादक सिवनी गांव के पास पहुंचे तो एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक रोजगार सहायक की मौत जो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिसमें प्रकाश भलावी की मौत हो गई व एक महिला और पुरुष घायल हो गए।

# पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने रखे गये जल पात्र

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।



वर्तमान की भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के प्यासे कंठ को पानी की बूंदों से तर करने शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा के स्टाफ व विद्यार्थियों के द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सार्थक पहल की जा रही है । इस शुभ पहल के अंतर्गत पक्षियों ,परिंदों के लिए ऐसी तपती धूप में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिये विद्यार्थियों के द्वारा कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर अधिक तादाद में सकोरे लगाए जा रहे हैं , जो पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कारगार तरीका है । इस मानवीय पहल को लेकर कार्यक्रम अधिकारी रंजना गुप्ता ने कहा कि सभी जिम्मेदार नागरिक घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें या बड़ा बर्तन भरकर रखे जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित हों और अपनी प्यास बुझायें । छत में भी पानी की व्यवस्था कर छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भरकर रखे। अपनी प्रकृति को बचाये रखने के लिए हमें यह काम करना चाहिए । इस उत्साह जनक कार्य में सहयोगी बन रहे दशरथ राजपूत ने कहा कि पशु - पक्षियों के प्रति सभी को संवेदनशील होना चाहिए।यदि आप पशु - पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं तो आपके बच्चे भी संवेदनशील होंगे । हम भी छोटे-छोटे प्रयास करके पशु-पक्षियों की मदद कर सकते हैं । प्राचार्य नलिन तिवारी ने कहा कि पशु -पक्षियों को बचाने के लिए आम जन को आगे आना होगा, पशु-पक्षियों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। भीषण गर्मी में आसमान में से आग बरस रही है,गर्मी में मानव हो या पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है।

ऐसे में लोगों की जिम्मदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करें ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके ।कालेज छात्रा पूर्वी साहू ने इस सार्थक पहल का स्वागत करते हुए इसे पयार्वरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। परीक्षा प्रभारी सतीश सूर्यवंशी ने सभी विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। रेखांकित करने वाली बात यह है कि विद्यार्थियों ने इन जलपात्रो पर मनमोहक चित्रकारी भी की है। आई टी ऑफिसर संजय उइके ने स्टूडेंट्स की इस मानवीय पहल पर उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि गरज-बरस प्यासी धरती पर फिर पानी दे मौला । चिडियों को दाने बच्चों को गुणधानी दे मौला। कुणाल जैन,सुमित उइके, महेन्द्र चंद्रवंशी, कृष्णा कमरे,मुकुल पराते व अन्य विद्यार्थियों के द्वारा उत्साह से यह कार्य किया जा रहा है। संस्था परिवार मे अमित शर्मा,हर्ष सोनी, शैलेन्द्र ठाकुर,,यश्विन ठाकुर,भूपेंद्र उइके, नीरज उइके,प्रतिभा सोनी,राकेश तिवारी,पी नापित, शालिनी ठाकुर ,मनीषा थापा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युवाओं की शादी में पानी बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

जिले के आदिवासी विकास खंड घंसौर के अनेक ग्राम पेयजल की समस्या से जूझ रहे है इन पेयजल संकट से ग्रस्त कुछ ग्राम तो ऐसे है जहाँ कोई अपनी बेटी का विवाह संबंध भी नहीं करना चाहता ।

पेयजल संकट के कारण युवाओं की शादियाँ नहीं हो पा रही है। ऐसा एक ग्राम अगरिया कला जो पंचायत है अगरिया खुर्द के अंतर्गत आता है। इस ग्राम के निवासी दो किलोमीटर दूर से पैदल, बैलगाड़ी, और साईकिल से पानी लाते है। इस ग्राम में 600 परिवार निवास करते है जो मजदूरी और कृषि कार्य पर आश्रित है परंतु गांव के निवासियों का बहुत समय तो केवल पानी की जुटाने में गुजर जाता है। सरकार जनहितैषी होने का कितना भी हो हल्ला करें पर जब इस प्रकार की समस्याएँ सामने दिखाई देती है तो समझ आ जाता है कि सरकार की योजनाएँ कागजो में ही चल रही है। वास्तविक सुविधाओं का जिन्हें लाभ मिलना चाहिये उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

अगरियाकला ही ऐसा गांव नहीं है जहाँ कोई अपनी बेटी ब्याहना नहीं चाहता इसी विकासखंड के और भी गांव है जहां पानी के लिये ग्रामीणो को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इस गांव में मध्य प्रदेश सरकार की योजनाएं कागजों में ही दम तोड़ देती हैं। इस कारण आदिवासी वर्ग के लोग इस गांव में रहते तो हैं पर मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण अपने बच्चों की शादी विवाह के लिए परेशान होते रहते है और कहते है कि यहाँ जलदेवता का श्राप है।

### 48 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले चरी मंदरा टोला गांव में बुधवार रात के समय एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की पुलिस जांच में कर रही है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति जब घर पर अपने कमरे में था तो उसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब दरवाजा खोला तो देखा कि संतलाल कुमार कुमरे पिता सुखराम कुमरे उम्र 48 फांसी पर लटका हुआ है। इस बात की जानकारी घंसौर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवा कर पंचनामा कार्रवाई की।

**खबर संक्षेप**

### हाई स्कूल की 10 और हायर सेकेंडरी की 8 जून से होगी पूरक परीक्षाएँ

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से जारी आदेशानुसार हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 10 व 8 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अनुसार हायर सेकेंडरी के समस्त विषयो के विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा 8 जून को प्रातः 8 से 11 बजे आयोजित की जाएगी। वहीं हाई स्कूल की पूरक परीक्षा 10 जून से आयोजित की गई है। प्रथम हिंदी, 11 को गणित, 12 को उर्दू, 13 को सामाजिक विज्ञान, 14 विज्ञान, 15 को अंग्रेजी, 18 को संस्कृत, 19 को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, मूक बधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेंटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कंप्यूटर और 20 जून को एनएसक्यूएफ( नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के समस्त विषय एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की पूरक परीक्षा प्रातः 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में समर कैंप का किया गया शुभारंभ

**बालाघाट।** विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता एवं कला कौशल जैसी गतिविधियों से उनका सर्वांगीण विकास हो, इसके लिये शैक्षणिक सत्र के दौरान अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त समय-समय पर विभिन्न गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता हैं। जिससे उनमें अन्य कौसलों का विकास हो सके। इसी क्रम में सीएम राइज़ शास वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च माध्य विद्यालय बालाघाट में समर कैंप (ग्रीष्मकालीन शिविर) का 01 मई 2024 को शुभारंभ किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि रुपकुमार बनवाले अध्यक्ष नूतन कला निकेतन बालाघाट एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीपी अग्रवाल प्राचार्य शास हाईस्कूल निलजी मुख्य रुप से उपस्थित रहें। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की समस्त गतिविधियों पर संक्षिप्त उल्लेख कर ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि समर कैंप 01 मई से 15 मई 2024 तक संचालित हैं। शिविर प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक संचालित होगा।

### रबी विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों के स्लॉट बुकिंग की तिथि हुई 20 मई

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं उपार्जन के लिये जिले में 24 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार गेहूं उपार्जन कार्य की तिथि 29 मार्च से 15 मई 2024 तक निर्धारित की गयी थी। किंतू कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये अब गेहूं उपार्जन की तिथि 20 मई 2024 तक कर दी गयी है।

### गैर मंडी लायसेंसी फर्म से वसूला 19250 रूपये का पांच गुना दाण्डिक शुल्क

## मंडी समिति, बालाघाट ने मूंगफली दाना के अवैध परिवहन पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट शहरी क्षेत्र के बड़े व्यापारियों द्वारा अन्य जिलों एवं राज्यों से बहुत सारी कृषि उपज मंगाकर उनका यहां थोक एवं चिल्लर व्यापार किया जाता है। वहीं अन्य राज्यों से आने वाली कृषि उपजों पर मंडियों को मंडी शुल्क और निराश्रित शुल्क मिलता हैं जो कि मण्डी के लायसेंसी व्यापारियों द्वारा मंडी में जमा किया जाता हैं। बालाघाट मंडी क्षेत्र में अन्य राज्यों से मंगाई जाने वाली मिर्च, हल्दी, मूंगफली आदि अनेक कृषि जिन्सों पर गैर मण्डी लायसेंसी व्यापारियों द्वारा ना तो मंडी शुल्क चुकाया जाता है, ना ही उनके द्वारा अभी तक मंडी लायसेंस बनाया गया है। मंडी समिति बालाघाट के भारसाधक अधिकारी गोपाल सोनी (एसडीएम) द्वारा मंडी सचिव एवं उड़नदस्ता दल को मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध भंडारण, अवैध परिवहन एवं अवैध क्रय-विक्रय पर अंकुश लगाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। जिसके परिपालन में मंडी सचिव मनीष मडावी के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक मनोज पटले और प्रकाश सोनवाने द्वारा 01 मई 2024 की सुबह आयशर ट्रक क्रमांक एमएच-24-जे-8333 को रोककर पूछताछ की गयी। जो कि नागपुर से मूंगफली दाना ला रहा था। मौके पर वाहन में मूंगफली दाना के परिवहन हेतु आवश्यक बिल, बिल्टी, अनुज्ञा पत्र एवं ई-वे बिल बरामद नहीं हुये। वाहन चालक द्वारा बताया गया कि वह अपने वाहन में नागपुर से 50 कट्टे, वजन 25 क्विंटल मूंगफली दाना लोडकर बालाघाट की गैर मंडी लायसेंसी फर्म लोकुमल किशनामल वाधवानी के लिए ला रहा था।

बालाघाट मंडी द्वारा मूंगफली दाना के अवैध परिवहन का प्रकरण तैयार कर फर्म लोकुमल किशनामल वाधवानी बालाघाट से दाण्डिक शुल्क के रूप में पांच गुना मंडी शुल्क 11875 रूपये, निराश्रित शुल्क 2375 रूपये तथा प्रशमन शुल्क 5000 रूपये, कुल राशि 19250 रूपये वसूल कर फर्म को मंडी लायसेंस प्राप्त कर व्यापार करने की समझाईश दी गयी।



## मॉयल की सभी खदानों में मनाया गया श्रमिक दिवस श्रमिक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मॉयल लिमिटेड की बालाघाट जिले में स्थित भरवेली, उकवा, तिरोडी, सीतापठौर के साथ भंडारा जिले की डोंगरीबुर्जग, चिखला खदान, रामटेक जिले की बेलडोंगरी, मनसर, कान्द्री, गुमगांव के साथ मॉयल मुख्यालय के मॉयल कामगार मुख्यालय में 01 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें श्रमिक संघ प्रतिनिधियों के साथ कंपनी के अधिकारियों इत्यादि ने भाग लिया। इसी तारतम्य में भरवेली मॉईन खदान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये थे जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकें को ट्राफी प्रदान करके उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत राजेश कठौते, राजेन्द्र कुमार बोपचे, मोतीलाल सरवा एवं श्रीमती अंजली वराडे का समावेश रहा। वक्ताओं ने मॉयल की प्रगति में श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हर तरह की प्रगति श्रमवीरों के कंधों में से होकर गुजरती है। उनके योगदान को शब्दों में बयान करना मुश्किल है। विगत दो दशक के भीतर मॉयल में श्रमिकों को अधिक से अधिक पहुंचाने के लिये अनेक तरह के प्रयास किये गये है। जिसके सकारात्मक परिणाम हम देख सकते है। मॉयल में कार्यरत श्रमिक के कार्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि कंपनी उत्पादन के क्षेत्र में लगातार निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो रही है। श्रमिक किसी भी तरह की प्रगति का एक मजबूत आधार है। उसके योगदान के बिना हम किसी भी तरह की प्रगति की कल्पना नहीं कर सकते है।

## बाल-बाल बची गैस एजेंसी संचालक मां-बेटी : ओवरटेक करने के दौरान ट्रक ने मारी कार को टक्कर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



3 मई को सतना में एचपीसीएल की बैठक आहूत की गई है। इसमें जबलपुर जोन के गैस डिलरों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में शामिल होने जिले से सुपीरियर गैस एजेंसी की संचालक शारदा जैन और अरिहंत गैस एजेंसी की संचालक शिप्रा जूनीवाल अपने इनोवा वाहन क्रमांक एमपी 50 जेडसी 2001 से एक अन्य बुजुर्ग महिला को लेकर 2 मई को प्रातः 10 बजे बालाघाट से रवाना होकर सतना जा रहे थे। इस दौरान ही सिवनी के पास नगझर में मोड़ पर पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने वाहन को ओवरटेक करते हुए साइड से टक्कर मार दी। इससे वाहन के सामने का भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि यह अच्छा रहा कि इसमें सवार गैस एजेंसी संचालक मां-बेटी, बुजुर्ग महिला और चालक बाल-बाल बच गए। ट्रक क्रमांक टीएन 52 एसी 1839 की टक्कर से इनोवा वाहन सामने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की शिकायत सुपीरियर गैस सेल्स एंड सर्विस की संचालिका शारदा जैन ने नगझर थाने में शिकायत की है।

### प्रतिदिन बड़ी मात्रा में ट्रैक्टर ट्रालियों से हो रहा रेत का अवैध परिवहन

## वन विभाग के अधिकारी के नाक नीचे सफेद सोने की चोरी कर रहे रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बिरसा के जंगलों से सागौन की लकडियों की अवैध कटाई और परिवहन के बाद अब जंगलो से रेत निकालकर बेचने का कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। जंगलो से निकलने वाली रेत से जमकर काली कमाई की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे से रेत माफिया रेत से भरी ट्रालियों का परिवहन कर रहे हैं। इन पर रोकटोक करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में जंगलो से रेत निकालकर अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

जंगल के भीतर तक ट्रैक्टर ट्रालियों को रेत से भरवाकर बाजार में विक्रय किया जा रहा है। पूर्व बैहर वन विभाग के जंगल क्षेत्र सारज डोल घाट, बाकी घुड़ा गाट, भंडार पुर घाट, चार टोला घाट, टिंगी पुर घाट, कटंगी घाट, देवरी घाट, पांड्या टोला घाट, सायल घाट, बंजर नदी और जमुनिया नदी से प्रतिदिन रेत से भरी कई ट्रालियां निकल रही हैं। इन पर रोकटोक नहीं होने से वन संपदा का खुलेआम दोहन हो रहा है। वन विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खनन माफिया बेखौफ जंगल में घुसकर रेत का अवैध खनन और परिवहन कर रहे हैं, जिन पर अंकुश लगाने किसी ने सुध नहीं ली है।

वन परिक्षेत्र बिरसा के अन्तर्गत भटलाई सायल घाट, दूधी घाट, शाखा घाट,सुरवाही घाट,सुकतरा घाट,गोवारी घाट,देवा टोला घाट,खराधार घाट, बिठली घाट,चमारी घाट सहित अन्य ग्रामों के समीप लगे जंगलों से रेत निकाली जा रही है। वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इन जंगलो में सफेद सोने रेत बड़ी मात्रा में है, जिसका उपयोग भवन, सड़क व अन्य निर्माण कार्य के लिए किया जाता है। यहां की रेत महंगी कीमतों पर दूर ग्रामीण अंचलो तक पहुंचाई जा रही है। यही नहीं शासकीय निर्माण कार्यों के लिए भी इस रेत का उपयोग किया जा रहा है। जिसे रेत का अवैध कारोबार करने वाले परिवहनकर्ताओं ने शासकीय कार्य करने वाले ठेकेदारो को यह रेत उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार वन संपदा का दुरुपयोग अवैध कमाई के लिए किया जा रहा है।

**खतरे में वनों का अस्तित्व**

जंगलों से रेत निकालकर बेचने से जंगलों का अस्तित्व खतरे में आ गया है। वन भूमि से रेत निकालने के लिए जगह-जगह जंगलों में खाइयां बन गई हैं। इससे पेड़-पौधो को क्षति पहुंच रही है। खुदाई के दौरान कई पेड़ जड़ों के कट जाने से सूख रहे हैं। वहीं ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन से भी वन संपदा प्रभावित हो रहे है। वन विभाग द्वारा बीट प्रभारियों और चौकी के माध्यम से जंगल और पेड़ों के संरक्षण की बात कही जाती है, लेकिन इस प्रकार की गतिविधियां वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठा रही हैं।

## विधायक विवेक पटेल की अभिनव पहल : विधायक विवेक पटेल ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों व प्राचार्यों का सम्मान

### लगभग 250 विद्यार्थियों को किया सम्मानित, 35 प्राचार्यो का हुआ शाल, श्रीफल से सम्मान

**पहली बार किसी विधायक ने संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष 2023-24 में आयोजित कक्षा 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निजी व शासकीय हाई व हायर सेकेन्डरी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा स्थानीय पंवार मंगल भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र के लगभग 250 विद्यार्थियों को शील्ड, ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**विधायक पटले ने की एक अभूतपूर्व पहलः** विदित हो कि वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में प्रथम बार किसी भी विधायक द्वारा संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के कक्षा 10 वीं व 12 वीं में 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने, उनका

उत्साह बढ़ाने व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों, उनके पालकों व उसमें शामिल होने वाले नागरिकों ने इसे एक अभूतपूर्व पहल बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम इसके पहले कभी भी वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में विधायक, किसी भी जनप्रतिनिधि या सामाजिक संस्था द्वारा नहीं किए गए हैं। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ हैं और वह आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित हुए हैं।

**विधानसभा क्षेत्र के लगभग 35 हाई व हायर सेकेन्डरी के विद्यार्थी व प्राचार्य हुए सम्मानितः** इस सम्मान समारोह में वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के लगभग 35 निजी व शासकीय हाई व हायर सेकेन्डरी विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थी, उनके पालकगण, विद्यालय संचालक, प्रमुख, प्राचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल हुए। समारोह के दौरान युवाओं कैलाश दुल्हानी, अमन पटेल, राजकुमार चौधरी, राजा अली आदि ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए क्षेत्र से संबंधित कई प्रकार की जानकारी भी साझा की।

**परिवर्तन संस्था के माध्यम से करते थे विद्यार्थियों को प्रोत्साहितः** सम्मान समारोह में विद्यार्थियों व उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मेरी प्रारंभ से ही रुचि रही हैं। जब मैं कालेज में पढ़ता था, तब हमने परिवर्तन नामक संस्था बनाई थी, जिसका मैं अध्यक्ष था और उसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया करते थे। आज उस समय के कई विद्यार्थी आज कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित कई शासकीय विभागों व निजी संस्थाओं में बड़े-बड़े पदों पर कार्यरत हैं।

**विद्यार्थियों की हौसला अफजाई के लिए आयोजित किया गया समारोहः** उन्होंने कहा कि इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निजी व शासकीय शिक्षण संस्थाओं केविद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विधानसभा का नाम रोशन किया हैं। जिसे देखने के बाद हमारे मन में विचार आया कि क्यों ना इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की जाए, जिससे



भविष्य में यह बच्चे और अच्छे से पढ़ाई कर विधानसभा क्षेत्र का नाम प्रदेश ही नहीं वरन देश में भी रोशन करे **85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानितः** इस विचार के आने के बाद जब हमने अपने साथियों से विचार किया, तो कुछ लोगों का कहना था कि 80 प्रतिशत, 85 प्रतिशत व 90 प्रतिशत वाले बच्चों को सम्मानित किया जाए। फिर हमने तय किया कि 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जायेगा। इसके साथ ही संस्था के प्रमुख व शिक्षक भी सम्मानित किए जायेगे, जिनके कारण विद्यार्थियों ने एक नया मुकाम हासिल किया हैं। उनकी सफलता में उनके पूरे परिवार का योगदान रहता हैं।



### नाम सुधार सूचना

शपथकर्ता शहनाज परवीन पिता शेख करीम, उम्र 43 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12, बनेरा, तहसील-कंटगी, जिला बालाघाट (म.प्र.) का स्थाई निवासी हूँ यह कि शपथकर्ता का नाम सभी प्रकार से शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों मे शहनाज परवीन पिता शेख करीम है, जो कि सत्य है। यह कि शपथकर्ता का पुत्र भारतीय थल सेना में सैनिक के पद पर जम्मु कश्मीर में कार्यरत है। यह कि शपथकर्ता के पुत्र के भारतीय थल सेना के कार्यालय मे जमा दस्तोजों मे शपथकर्ता का नाम शहनाज दर्ज है जो कि त्रुटीवश असत्य है। जो कि शहनाज परवीन नाम होना चाहिए और यही नाम सत्य है। यह कि यदि भविष्य में शपथकर्ता के दोनो नाम भिन्न भिन्न व्यक्ति के पाये जाते है तथा शपथकर्ता दोषी पाया जाता है, तो दोषी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। जिसमें शपथकर्ता को कोई आपत्ती नहीं होगी। अत: शपथपत्र प्रस्तुत है।
स्थान : कंटगी
दिनांक : 02/05/2024
शपथकर्ता

## संभावित विद्यार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण में लापरवाही 4 बीईओं पर पड़ी भारी

### अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश जारी, वर्ष 2022-23 में 3520 और 2023-24 में 2403 विद्यार्थी हुए प्रभावित, 7 दिवस में देना होगा प्रतिउत्तर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को टीएल बैठक में एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का पंजीकरण, आवेदन और स्वीकृति की समीक्षा की गई थी। समीक्षा के बाद जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के बाद जिले के 4 विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही सामने आयी हैं। उन चार बीईओं बालाघाट, लालबर्रा, किरनापुर और वारासिवनी को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया है। इस पत्र के माध्यम से डॉ. मिश्रा ने स्पष्टीकरण मांगा है कि दिए गए निर्देशों के बावजूद समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने का दोषी मानते हुए क्यों न कार्यवाही की जाए? साथ ही उन्होंने कार्य पूर्णता के प्रमाण पत्र के साथ 7 दिनों में प्रतिउत्तर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के आदेश किए है।

#### कहा हुई लापरवाही

पिछले दो सत्रों में अलग-अलग समय पर एमपीटॉस छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के आवेदन आमंत्रित किए गए। लेकिन संभावित पात्र छात्रों की तुलना में कम विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ। जिसके कारण बालाघाट, लालबर्रा, किरनापुर और वारासिवनी के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को उनकी लापरवाही भारी पड़ी है। एमपीटास्क पोर्टल पर कार्य लंबित होने तथा कार्य में विलम्ब एवं लापरवाही उदासीनता के लिये मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1) (2) (3) का उल्लघंन मानते हुये व कार्य को समय सीमा में पूर्ण नहीं करने का दोषी मानते हुये 4 विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

#### विकासखंडवार लापरवाही की स्थिति इस तरह रहीं

विकासखंड वारासिवनी में एमपीटॉस पोर्टल पर सत्र 2022-23 में संभावित पात्र 949 में से 730 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है। जिसमें से 710 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 707 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है । सत्र 2023-24 में संभावित पात्र 877 में से 588 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 563 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 455 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। वहीं विकासखंड बालाघाट में एमपीटॉस पोर्टल पर सत्र 2022-23 में संभावित पात्र 3860 में से 2610 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 2535 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 1150 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है एवं सत्र 2023-24 में संभावित पात्र 3575 में से 2313 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 2255 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 260 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। विकासखंड लालबर्रा में सत्र 2022-23 में संभावित पात्र 1876 में से 1439 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 1394 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 631 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है एवं सत्र 2023-24 में संभावित पात्र 1715 में से 1179 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 1123 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 38 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। विकासखंड किरनापुर में एमपीटॉस पोर्टल पर सत्र 2022-23 में संभावित पात्र 1078 में से 824 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 807 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 792 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है एवं सत्र 2023-24 में संभावित पात्र 995 में से 680 विद्यार्थियों का प्रोफाईल पंजीकरण हुआ है, जिसमें से 663 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन एवं 444 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है।

## 4 मई को पंचमुखी हनुमान मंदिर का मनाया जायेगा स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट** । पंचमुखी हनुमान मंदिर का 18 वां स्थापना दिवस वार्ड क्रमांक 6 चित्रगुप्त नगर स्थित मंदिर में 04 मई दिन शनिवार को पुरी विधि विधान के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के स्थापना कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा व लाइटिंग की गई है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होंगा। हनुमान मंदिर समिति ने जानकारी देते हुए बताया पंचमुखी हनुमान मंदिर का 18 वां स्थापना दिवस हर साल की तरह इस साल भी पूरे वार्ड वासियों और नगर की जनता के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जायेगा। समिति ने बताया कि 4 मई को सुबह 6.30 बजे हनुमान जी का अभिषेक कर महाआरती की जाएंगा। इसके बाद सुबह 9 बजे संगीतमय 108 हनुमान चालीसा का पाठ होगा और दोपहर 4 बजे हवन, आरती की जाएगी। इसके पश्चात संध्या 7.30 बजे से भंडारा का आयोजन रखा गया है।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING |CIVIL| MECHANICAL |ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com